बृहस्पतिवार
07 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4

**क्या आपको भी रात को सोते समय पैरों में होता है दर्द ?**



पृष्ठ 5

**मैं बॉलीवुड सिनेमा के बेहतरीन दौर में काम कर रही हूं:वाणी**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 69
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता। – *चाणक्य*

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेसी नेता उतरे सड़कों पर




विशेष संवाददाता

देहरादून। बेतहाशा बढ़ती महंगाई के विरोध में आज कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ मार्च व प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सूबे की राजधानी सहित राज्य के सभी जनपद मुख्यालयों में बड़ी संख्या में कांग्रेसी सड़कों पर उतरे और सरकार से महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की।

राजधानी दून में महंगाई मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत आज महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस तथा अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में चुक्खुवाला से इंदिरा कालोनी, लसियाल चौक, नव विहार, में पदयात्रा निकालकर विरोध किया।

इस दौरान लाल चंद शर्मा नें केंद्र

**●केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, लगाम लगाने की मांग**

की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि 2014 से लेकर अप्रैल 2022 तक मोदी सरकार ने देश की जनता की गाड़ी कमाई के 85 लाख करोड़ से अधिक रूपये लूटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना काल के पिछले 18 महीनों में पेट्रोल व डीजल के दामों में भारी इजाफा कर महंगाई में बेतहाशा वृद्धि हुई जिससे वैश्विक महामारी का दंश झेल रही जनता की कमर टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में 75 प्रतिशत की कमी होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की दरों में बेतहाशा वृद्धि कर आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है।

पूर्व विधायक राजकुमार नें कहा की भारतीय जनता पार्टी ने 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव सहित देशभर में हुए विधानसभा चुनावों में देश एवं प्रदेश की जनता से पेट्रोलियम पदार्थो के दाम कम करने के साथ-साथ महंगाई पर नियंत्रण करते हुये आम आदमी को राहत देने का वायदा किया था। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में 75 प्रतिशत की कमी होने के बावजूद पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की दरों में लगातार वृद्धि कर आम आदमी की जेब पर डाका डाला गया है। कांग्रेस शासन में जहां अन्तर्राष्ट्रीय

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## हर गरीब तक पहुंचे योजनाओं का लाभः पीएम

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली/देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में सदन की कार्रवाई स्थगन के बाद उत्तराखंड के सभी सांसदों से मुलाकात कर राज्य की विकास योजनाओं पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि राज्य में चलने वाली विकास योजनाओं का लाभ

**❑पीएम ने की राज्य के सांसदों से चाय पर चर्चा**

कैसे हर गांव और अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है इस बात को सुनिश्चित किया जाए।

चाय पर हुई इस चर्चा के दौरान उत्तराखंड के सभी 5 लोकसभा सांसद और दोनों राज्यसभा सांसद मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि केंद्र और राज्य के स्तर पर गरीबों के कल्याण और राज्य के विकास के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंच रहा है या नहीं इसकी मॉनिटरिंग जरूरी है। उनका कहना है कि किस क्षेत्र के लोगों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा जहां योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच रहा है वहां कैसे लाभ पहुंचाया जा सकता है इस पर काम करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए जितनी भी योजनाएं केंद्र अथवा राज्य सरकार के स्तर पर चलाई जा रही हैं उनका लाभ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक जब तक नहीं पहुंच



पाता है तब तक उसका कोई लाभ नहीं होगा। राज्य के सांसदों द्वारा इस अवसर पर प्रधानमंत्री से राज्य की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। राज्य में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति से पीएम को अवगत कराया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि भाजपा ने अभी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने 2019 के चुनाव में राज्य की सभी 5 लोकसभा सीटें जीती थी तथा वर्तमान में उसके पांच लोकसभा और दो राज्यसभा सांसद हैं। भाजपा के सामने अब 2024 के चुनाव में एक बार फिर अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने की चुनौती है। अगर भाजपा ऐसा कर सकी तो यह उसकी एक और ऐतिहासिक जीत होगी।

## सपा विधायक के पेट्रोल पंप पर चला बुलडोजर

बरेली। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने सपा विधायक शहजिल इस्लाम के सीबीगंज स्थित पेट्रोल पंप पर बुलडोजर चलाया। कहा जा रहा है कि यह पेट्रोल पंप बिना नक्शा पास कराए बनाया गया था। बीडीए द्वारा वहां सिर्फ मशीनें ही छोड़ी गई हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। अफसरों को जमीन सीलिंग की होने की भी




जानकारी मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। बता दें कि दो अप्रैल को एक कार्यक्रम के दौरान भोजीपुरा से सपा विधायक शहजिल इस्लाम ने भड़काने वाला भाषण दिया था। सपा विधायक ने कहा था कि पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में हम लोगों से गलत व्यवहार किया। हमारी संख्या कम थी लेकिन, इस बार मजबूत विपक्ष है। उनकी आवाज निकलेगी तो हमारी बंदूकों से गोली चलेगी। इस भाषण के बाद सपा विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। चुनाव परिणाम आने के बाद सपा विधायक शहजिल इस्लाम के जुलूस में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने से भी वह विवादों में आ गए थे। दरअसल विधायक बनने के बाद सपा विधायक का जुलूस निकला था। जुलूस के जश्न के दौरान शामिल कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

## देश में पिछले 24 घंटे में दर्ज हुए कोरोना के 1033 नए मामले, 43 मरीजों की मौत

नई दिल्ली । भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना वायरस के १,०३३ नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान कोरोना से संक्रमित ४३ नए मरीजों की मौत हो गई। मौजूदा समय में कोविड संक्रमण के एक्टिव केस की संख्या साढ़े ११ हज़ार से ज्यादा है।

वहीं देश में कोरोना वायरस के नए एक्सई वैरिएंट ने दस्तक दे दी है। मुंबई में एक मरीज के अंदर एक्सई वैरिएंट की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोविड–१९ के १,०३३ नये मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर



४,३०,३१,९९८ हो गई। वहीं, ४३ और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर ५,२१,५३० हो गई है। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड–१९ के एक्टिव केस की संख्या घटकर ११,६३९ रह गई है, जो कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटे में एक्टिव केस की संख्या में २३२ की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की नेशनल रेट ९८.७६ प्रतिशत है।

गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २९ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ९० लाख के पार चले गए थे।

देश में १९ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ के पार हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आंतरिक सुरक्षा का खतरा

बीते कुछ समय से देश में अलगाववाद और सांप्रदायिक तकरार और टकराव की खबरें आ रही हैं। जो देश की एकता और अखंडता के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा को बढ़ते खतरे का संकेत है। इसका एक उदाहरण गोरखनाथ मंदिर की घटना है। पुलिस पर हमला करने वाले जिस मुर्तजा नामक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसके बारे में अब तक जो सनसनीखेज खुलासे हुए हैं वह यही बताते हैं कि देश का एक वर्ग ऐसा है जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी से इतनी चिढ़ है कि वह उन्हें अपना दुश्मन नंबर वन मानते हैं तथा आतंकवाद के जरिए वह भाजपा और उसके नेताओं को सबक सिखाने का मंसूबा मन में रखते हैं? अभी कुछ दिन पहले पीएम मोदी को भी कुछ अराजक तत्वों ने जान से मारने की धमकी दी थी। भाजपा के लिए प्रचार करने वाले या फिर उसकी जीत का जश्न मनाने वालों को भी यह अराजक तत्व अपने निशाने पर लिए हुए हैं उन पर हमले और उनकी हत्याओं की अनेक घटनाएं अब तक प्रकाश में आ चुकी हैं। यूपी में अभी बाबर नाम के मुस्लिम युवक की हत्या ऐसे ही सिरफिरे लोगों द्वारा करने का मामला इसका एक उदाहरण है। बात चाहे कर्नाटक राज्य से उठे हिजाब विवाद की हो या फिर बीते कल एएमयू में सामने आए हिंदू देवी देवताओं के बारे में आपत्तिजनक बातें मेडिकल के छात्रों को पढ़ाई जाने की। यह तमाम घटनाएं समाज में वैमनस्य बढ़ाने की कोशिशों से ही जुड़ती हैं। भाजपा का एजेंडा अगर हिंदुवाद और हिंदुस्तान वाली है तो इससे किसी को भी आपत्ति क्यों है। ऐसा तो कुछ है नहीं कि भाजपा किसी भी धर्म या संप्रदाय के खिलाफ कोई एजेंडा चला रही है। असल बात यह है कि भाजपा की कुछ अच्छी नीतियों या कामों से प्रभावित होकर सभी धर्म के लोगों का रुझान भाजपा की ओर बढ़ा है। उदाहरण के तौर पर तीन तलाक को समाप्त करने और कोरोना काल में गरीबों को मुफ्त राशन मुहैया कराने जैसी योजनाओं ने उस समुदाय को भी भाजपा के साथ जोड़ दिया जो कभी उसके साथ नहीं रहा था। बीते दो चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत की वजह यही बातें हैं। जब बड़ी संख्या में मुस्लिम और पिछड़ी जातियों का वोट भाजपा को मिला है। यही वह अहम बात है जिसे वह लोग पचा नहीं पा रहे हैं। ऐसी ताकतों द्वारा समाज में किसी भी तरह विघटन और टकराव पैदा करने की कोशिशें की जा रही है। इसके पीछे राजनीतिक व सामाजिक दोनों ही कारण निहित है। क्योंकि अब उनमें इतनी कूव्वत नहीं है कि भाजपा से बड़ी लाइन खींचकर भाजपा की लाइन को छोटा कर सके। ऐसे लोगों को अब यह समझ लेना चाहिए कि बड़ा होने के लिए कुछ बड़ा करना भी होता है बिना कुछ बड़ा किए कोई बड़ा नहीं हो सकता है। राष्ट्र और समाज विरोधी सोच रखने वालों को यह भी समझ लेना चाहिए कि वह राष्ट्र से बड़े नहीं हो सकते। हां यह जरूर है कि उनकी हरकतों के कारण सामाजिक सुरक्षा पर खतरा जरूर हो सकता है। लेकिन वह खुद भी इस खतरे से नहीं बच सकेंगे क्योंकि वह भी इस देश व समाज का हिस्सा है।

# सीएम धामी ने किया पतंजलि योगपीठ में आयोजित 'श्री रामकथा' में प्रतिभाग




विशेष संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार पतंजलि योगपीठ में परम पूज्य श्री मोरारी बापू जी के सानिध्य में आयोजित 'श्री रामकथा' में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने श्री मोरारी बापू एवं पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी राम देव का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवजाति में कथा श्रवण का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिल पाता, जिन्हें मिलता है, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कथा श्रवण से मोक्ष मार्ग प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि श्री मोरारी बापू की कथा सुनने का उन्हें दूसरी बार सौभाग्य प्राप्त हुआ है, इससे पूर्व कई वर्षों पहले वे अल्मोड़ा स्थित डोल आश्रम में भी कथा श्रवण कर चुके हैं। इस दौरान पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विवेकानन्द विद्या मन्दिर इंटर कालेज में विज्ञान जागरूक कार्यशाला का आयोजन

विशेष संवाददाता

मुनस्यारी। उत्तराखंड सरकार के उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र देहरादून द्वारा आज श्रीमती हीरा देवी भट्ट विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कालेज में एक दिवसीय विज्ञान जागरूक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बच्चों ने मानव जीवन में विज्ञान के महत्व पर चित्र उकेर कर अपने भीतर छिपी प्रतिभा का जलवा दिखाया।



सामाजिक संस्था सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया संचालक के रुप में कार्य कर रही है। विवेकानंद विद्या मंदिर में हुई कार्यशाला में बच्चों ने तीन सौ शब्दों का 'मेरे जीवन में विज्ञान' विषय पर एक निबंध लिखा। उसके बाद विज्ञान शिक्षा एवं जागरूकता से संबंधित एक चित्र उकेर कर अपने भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर निकाला।

अतिथि वक्ता के रुप में पशुचिकित्साधिकारी डॉ विजयपाल प्रजापति ने मानव जीवन की उत्पत्ति कालखंड से आज तक विज्ञान की यात्रा पर प्रकाश डाला। कहा कि विज्ञान ने आज मानव जीवन को सरलता से यापन करने में सबसे बड़ी मदद की है। कहा कि विज्ञान हमें रुढ़िवादी तथा अंध विश्वास की प्रथाओं से भी मुक्ति दिलाती है व मानव अपने जीवन को सफल बनाने के लिए विज्ञान का सहारा ले सकता है।

कहा कि जब हमारे पास कुछ नहीं था, तब हम जादू ,टौना से अपनी संतुष्टि कर लेते थे। आज विज्ञान ने हमें इतना कुछ संसाधन विकसित कर दे दिया है कि हमें अपनी आदतों को बदलना चाहिए। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य नवीन चन्द्र शर्मा ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजनों से बच्चों का सामाजिक विकास होगा। बच्चों की रुचि नवाचार की तरफ बढ़ेगा।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि हमारा सतत् प्रयास होगा कि मुनस्यारी के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी कदम रखे। इसके लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को हम क्षेत्र में लाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर सोसायटी फॉर एक्सन इन हिमालया के यशवंत बृजवाल, गीता, दयमंती के अलावा विद्या मंदिर के जीव विज्ञान प्रवक्ता चन्द्र शेखर जोशी, मोहन सिंह नित्वाल, भूपेंद्र सिंह फर्स्वाण आदि मौजूद थे।

# गाय-बछड़ों की चोरी से गुस्साये ग्रामीणों ने चौकी का घेराव कर जाम लगाया

संवाददाता

देहरादून। लगातार हो रहे गाय-बछडों की चोरी व उनके अवशेष जंगल में मिलने से गुस्साये ग्रामीणों ने हिन्दूवादी संगठनों के साथ आईटी पार्क चौकी का घेराव कर मुख्य मार्ग पर घण्टों जाम लगाया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।



आज यहां धोरण खास, डण्डा लखोण्ड, डांडा खुदाने वाला के ग्रामीण हिन्दूवादी संगठनों के साथ आईटी पार्क चौकी पहुंचे और उन्होंने चौकी का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की जिसके बाद उन्होंने आईटी पार्क के पास मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि कई दिनों से उनके गांव वालों की गाय व बछडे चोरी हो रहे हैं तथा अगले दिन उनकी हड्डियां पास के ही जंगल में पडी मिल रही है। उनके द्वारा कई बार पुलिस को घटना से अवगत कराया लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। ग्रामीणों के जाम की सूचना मिलते ही सीओ नेहरू कालोनी अनिल जोशी सहित राजपुर, रायपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने ग्रामीणों व हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को काफी समझाया लेकिन वह नहीं माने और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। जाम लगने से दोनों तरफ वाहनों की लम्बी लाईन लग गयी। जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। काफी देर जाम के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जिसके बाद लोगों ने जाम खोला।

न तद्विा न पृथिव्यानु मन्ये न यज्ञेन नोत शमीभिराभिः।
उब्जन्तु तं सुभ्वः पर्वतासो नि हीयतामतियाजस्य यष्टा।।

(ऋग्वेद ६-५२-१)

हे मनुष्य, समाज के हित में यज्ञनिक कर्म करने वाले कभी भी पृथ्वी एवं आकाश आदि के पुरस्कारों से वंचित नहीं होते। मैं भी उनके इन कार्यों का समर्थन करता हूं और देखकर आनंद की अनुभूति करता हूं।

O Man ! Those who do Yajnik deeds for the society are never deprived of the rewards of earth, clouds, etc. I also support their work and feel happy to see them. (Rig Veda 6-52-1)

# वाहन में तोडफोड कर मकान खाली करने की धमकी

संवाददाता

देहरादून। कार में तोडफोड कर मकान खाली करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभारती रोड निवासी योगीदंर डागर ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह आज श्याम करीब साडे छह बजे अपने घर जा रहा था। रास्ते मे शुभभारती रोड पर जब हमने टर्न लिया तो एक व्यक्ति जिसका नाम संतोष है मोटरसाईकल लेकर हमारे सामने खडा होकर हमारे सामने हाथ हिलाया तभी हमने उस व्यक्ति से माफी मांगी लेकीन उस व्यक्ति ने तभी अपने साथ के जानकारो को बुलाया तभी एक व्यक्ति ने हमारी गाडी में हाथ मारा हम वहा से अपने घर चले गये । अचानक १५-२० मिनट बाद तीन मोटरसाईकिल और एक स्वीफ्ट गाडी जिसका सफेद रंग था । वह हमारे घर पर आते ही उन लोगो नें जब हम वहा से बडी मुश्किल से पहाडों के रास्ते अपनी जान बचाकर भागे। संतोष व उसके साथ अन्य 15-16 लोग थे जिनोने हमे जाते समय जान से मारने की धमकी दी और बोला इस मकान को खाली कर दो वरणा जान से मार देगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मकान से जेवरात व नगदी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से जेवरात व नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाली फार्म ठाकुरपुर निवासी ओमप्रकाश ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पडोस में ही उसके भाई का घर है। उसका भाई परिवार के साथ बाहर गये हुए है। आज प्रात: उसने देखा कि उसके भाई के मकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। उसने बताया कि चोर घर से सोने के जेवरात व नगदी चोरी करके ले गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार की चपेट में आकर बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झाझरा निवासी अनुज सिंह राणा ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका साला घर की तरफ जा रहा था जब वह आर्केडिया स्कूल के पास पहुंचा तो सामने से तेज गति से आ रही कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तहसील में अधिकारियों की नियुक्ति की मांग

कोटद्वार (आरएनएस)। बार एसोसिएशन ने कोटद्वार तहसील में पूर्ण कालिक अधिकारियों की नियुक्ति की मांग की है। इस संबंध में एसोसिएशन की ओर से स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी को पत्र प्रेषित किया गया है। अध्यक्ष अजय पंत और सचिव रश्मि चंदोला जोशी ने बताया कि तहसील में लम्बे समय से उपजिलाधिकारी व तहसीलदार पद पर पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कोटद्वार जनपद की सर्वाधिक महत्वपूर्ण तहसील होने के बावजूद लम्बे समय से पूर्णकालिक अधिकारी की नियुक्ति से वंचित है। नायब तहसीलदार के दोनों पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे है। विगत कुछ महीनों में उपजिलाधिकारी पद पर एक के बाद एक तबादला होने से भी तहसील में कार्य स्थिति अच्छी नहीं बन पा रही है। वर्तमान उपजिलाधिकारी कार्यालय या न्यायालय में कब व कितने समय तक उपलब्ध रहती हैं, इस तथ्य की जानकारी राजस्व कर्मियों तक को नहीं रहती। लोगों के स्थायी, मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र सहित कई प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। इसलिए तहसील में पूर्ण कालिक अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए।

# मीट मार्केट शिफ्ट करने का विरोध जताया

चमोली (आरएनएस)। नगर के पेट्रोल पंप की पार्किंग के पास बने मीट मार्केट में मीट की दुकानें शिफ्ट होने की सुगबुगाहट से पहले ही विरोध के सुर मुखर होने लगे हैं। पेट्रोल पंप के आस पास आवासीय कालोनी के लोगों ने यहां मीट मार्केट शिफ्ट करने का विरोध जताया है। पेट्रोल पंप के समीपस्थ कॉलोनी के कालिका प्रसाद ने कहा कि बस्ती में पहले ही नगर पालिका सफाई नहीं करती है। यहां पौराणिक स्रोत हों या नाले, सालों से इनमें कूड़ा जमा है। यहां गंदे नालों की निकासी नहीं होने से गदंगी का आलम रहता है। यही नहीं आवासीय बस्ती के होने के अलावा यहां बाल विकास का कार्यालय भी है। जहां महिलाओं का आवागमन रहता है। ऐसे में मीट मार्केट से होने वाली गदंगी से यहां दिक्कतें बन सकती है। कालिका प्रसाद ने कहा कि उन्होंने मीट मार्केट से पहले से तैयार मार्केट में ही रहने की मांग की है। कालिका प्रसाद ने चेतावनी दी कि यदि मीट मार्केट पेट्रोल पंप के पास संचालित किया जाएगा तो उन्हें मजबूरन आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# मानूबांस के ग्रामीणों ने विधायक से की समस्याएं दूर करने की मांग

हरिद्वार (आरएनएस)। ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर का ग्राम मानूबांस में ग्रामीणों ने स्वागत किया और समस्याएं दूर करने की मांग की। ग्रामीणों ने विधायक को समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि गांव में कई प्रकार की समस्याएं हैं। लेकिन आज तक किसी विधायक ने गांव में आकर उनकी समस्याएं जानने की कोशिश नहीं की। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कच्चे रास्तों पर पानी भरने आने जाने में भरी कठिनायों से गुजरना पड़ता है। घरों के ऊपर जा रही हाईटेंशन विद्युत लाईन की वजह से खतरा बना रहता है। जर्जर हो चुकी लाईन क्षतिग्रस्त होने से पशुओं के जलने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। विद्युत लाईन बदलने के लिए विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कुछ राज्य स्तरीय युवा पहलवान भी हैं। विधायक रवि बहादुर ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है। उसे पूरा करने की हरसंभव कोशिश करेंगे। गांव में जो भी विकास कार्य कराए जाने हैं। उनका प्रस्ताव बनाकर उन्हें दें।

# आंदोलनकारी आरक्षण मामले में लचर पैरवी तो खनन मामले में जबरदस्त पैरवी क्यों: मोर्चा

विशेष संवाददाता



विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि कल राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण मामले में सरकार की तरफ से की गई लचर पैरवी आंदोलनकारियों पर कुठाराघात है। जिस कारण आंदोलनकारियों की नौकरी पर बन आई है। सरकार मॉडिफिकेशन एप्लीकेशन एवं अपने नोटिफिकेशन को बचाने में नाकामयाब रही यानी सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के हितों की रक्षा करना कतई नहीं था।

नेगी ने कहा कि एक तरफ सरकार खनन कारोबारियों के हितों की रक्षा हेतु उच्च न्यायालय, नैनीताल में योजित खनन कारोबार से जुड़ी दो जनहित याचिकाओं में सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया को विशेष तौर पर पैरवी हेतु आबद्ध (एंगेज) किया गया था, लेकिन राज्य आंदोलनकारियों के मामले में कोई मजबूत पैरवी नहीं की गई यानी दिल्ली से किसी बड़े सरकारी वकील को क्यों एंगेज नहीं किया गया। नेगी ने कहा कि पूर्व में उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश के द्वारा आरक्षण पर रोक लगा दी गई थी। जिसके खिलाफ वर्ष 2015 में कांग्रेस सरकार द्वारा आंदोलनकारियों के समर्थन में विधेयक पारित कर राजभवन को भेजा गया था, लेकिन कई बार मिन्नतें करने के बावजूद भी विधेयक राजभवन में धूल फांक रहा है। मोर्चा ने सरकार से आंदोलनकारियों के हितों की पैरवी मजबूती से करने की अपील की । पत्रकार वार्ता में टीकाराम उनियाल व जगदीश रावत मौजूद थे।

# मारपीट में चार लोग नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदियाबाग विकासनगर निवासी राधेश्याम ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले अमर उर्फ नादरू पुत्र रघुनाथ अपने परिवार के साथ उसके घर में घुस आये तथा उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो वह जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्मैक सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को एडीटीएफ व पुलिस की सयुंक्त टीम ने कल देर रात 12 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार कल देर शाम एडीटीएफ व कोतवाली रूद्रपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एडीटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम को ग्राम अमरपुर के समीप दो संदिग्ध आते हुए दिखायी दिये। जिन्हे रोककर जब तलाशी ली गयी तो उनके पास से 12 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम रूप सिंह उर्फ रूपा पुत्र कुंवर सिंह व मलकीत पुत्र कक्का निवासी ग्राम अमरपुर बताया। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हे न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# मुकदमें दर्ज ना करना बन गया है फैशन?

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के कई जनपदों में घटना को छुपाना तथा मुकदमें दर्ज ना करना एक फैशन सा बन गया है। पुलिस घटना को ऐसे छुपाती है जैसे घटना स्वयं उसने की हो? पुलिस के इस नये फैशन से जनता त्रस्त है तथा वह जाये तो कहां जाये इसका उसको कुछ पता नहीं है।?

प्रदेश में पुलिस विभाग का प्रत्येक दिन नया चेहरा देखने को मिलता है। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने कार्यभार सम्भालते ही यह आदेश दे दिये थे कि प्रत्येक थाने चौकी में पहुंचने वाले पीडित को तत्काल न्याय दिलाया जाये तथा उसके प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाये। लेकिन पुलिस महानिदेशक के आदेश मात्र कागजों तक ही सीमट कर रह गये हैं। किसी भी थाने चौकी में ऐसा कुछ भी होता दिखायी नहीं देता। पीडित चौकी थानों के चक्कर लगाते हुए परेशान हो जाते हैं। कई मामलों में तो पीडित एक दो दिन चक्कर लगाने के बाद अपने आपको शांत कर बैठ जाता है। यही नहीं अगर अधिकारियों की पहल पर किसी तरह से मुकदमा दर्ज भी हो जाये तो उसको आगे बढाने के लिए भी महीनों लग जाते है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पीडित के बयान दर्ज होने पर भी महीनों लग जाते है तथा जांच अधिकारी मुकदमें की फाईल को अपने बगल में दबाये घुमता रहता है? यह हाल चोरी, लूट या फिर किसी बडे अपराध की हो या फिर दहेज उत्पीडन की? कई मुकदमें दहेज उत्पीडन के महिला हैल्प लाईन के आदेश पर दर्ज तो हो रहे हैं लेकिन उसमें पीडिता को अपने बयान दर्ज कराने के लिए महीनों इंतजार करना पडता है। अगर पीडिता जागरूक होती है तो उसके मामले में मजबूर होकर जांच अधिकारी को कार्यवाही आगे बढानी पड जाती है और नहीं तो मामला ठण्डे बस्ते में चला जाता है। इसके अलावा धोखाधडी हो या फिर चोरी का मामला हो इन मामलों में पुलिस की कार्यवाही भगवान भरोसे होती है। इन मामलों में पुलिस मुकदमें दर्ज करने के लिए कई बहाने बनाकर पीडित को टालती दिखायी देती है। इन सभी बातों से यह तो साबित हो गया है कि प्रदेश के दरोगा व इंस्पेक्टर पुलिस महानिदेशक के आदेश कोई महत्व देते दिखायी नहीं देते है तो वहीं पुलिस महानिदेशक ने भी कार्यभार सम्भालने के बाद आदेश तो दे दिये लेकिन उसपर कितना अमल हो रहा है इसपर ध्यान नहीं दिया। प्रदेश में पुलिस अधिकारियों का मुकदमें दर्ज ना करने का यह नया फैशन जनता के लिए पीडा दायक साबित हो रहा है और आमजन को पुलिस थानों चौकियों के चक्कर लगाने को मजबूर होना पड रहा है। पुलिस महानिदेशक को एक बार फिर अपने आदेशों पर कितना ध्यान दिया जा रहा है उसपर मंथन करना होगा नहीं तो जनता पिसती रहेगी और उनके आदेशों का माखौल उडता रहेगा?

# घर पर बहुत आसानी से तैयार किए जा सकते हैं मेकअप सेटिंग स्प्रे, जानिए कुछ तरीके

आजकल मार्केट में कई तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स मौजूद हैं, जिनमें मेकअप सेटिंग स्प्रे भी शामिल है। यह चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने और त्वचा को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, अगर आप बिना पैसे खर्च किए मेकअप सेटिंग स्प्रे चाहते हैं तो आप इसे खुद ही घर पर बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज चार तरह के मेकअप सेटिंग स्प्रे बनाने के तरीके जानते हैं।

मेकअप सेटिंग स्प्रे क्या है?

मेकअप सेटिंग स्प्रे चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने में मदद कर सकता है। वहीं, गर्मियों के दौरान तो इसका एक छिड़काव त्वचा को तरोताजा करने और इसे बाहरी अशुद्धियों से सुरक्षित रखने में अहम भूमिका अदा कर सकता है।

एलोवेरा मेकअप सेटिंग स्प्रे

एलोवेरा मेकअप सेटिंग स्प्रे त्वचा को चमकदार बनाने और इसे मॉइश्चराइज करने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आधा कप साफ पानी में एलोवेरा जेल मिलाएं, फिर इसमें ग्लिसरीन की चार-पांच बूंदें और एक से दो बड़ी चम्मच गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालें और मेकअप करने के बाद इस मिश्रण का चेहरे पर थोड़ी दूरी से छिड़काव करें।

गुलाब जल मेकअप सेटिंग स्प्रे

यह मेकअप सेटिंग स्प्रे त्वचा के श्रङ्क स्तर को बनाए रखता है और चेहरे के तैलीयपन को दूर रखने में भी सहायक है। सबसे अच्छी बात है कि यह मेकअप सेटिंग स्प्रे ऑयली और कॉम्बिनेशन स्किन वालों के लिए एकदम परफेक्ट है। गुलाब जल मेकअप सेटिंग स्प्रे बनाने के लिए एक स्प्रे बोतल में गुलाब जल, सामान्य पानी, विटामिन-श्र ऑयल और एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसका इस्तेमाल करें।

विच हेज़ल मेकअप सेटिंग स्प्रे; ग्लिसरीन और एसेंशियल ऑयल मेकअप सेटिंग स्प्रे

विच हेज़ल मेकअप सेटिंग स्प्रे त्वचा को ठंडक पहुंचाने और अतिरिक्त तेल उत्पादन को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए विच हेज़ल के अर्क को ताजे गुलाब जल के साथ मिलाएं, फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और इसका इस्तेमाल करें। वहीं, ग्लिसरीन और एसेंशियल ऑयल मेकअप सेटिंग स्प्रे बनाने के लिए ग्लिसरीन को डिस्टिल्ड वॉटर, रबिंग अल्कोहल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल और जेरेनियम एसेंशियल ऑयल के साथ मिलाएं, फिर इसका इस्तेमाल करें।

# 'धूम' गर्ल रिमी सेन यश राज फिल्म्स से बड़े पर्दे पर करने वाली हैं वापसी

'धूम' फेम रिमी सेन लंबे अरसे से बॉलीवुड से दूर है। रिमी सेन बॉलिवुड में वापसी करने जा रही है। रिमी सेन एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। इस वीडियो का निर्देशन प्रेरणा अरोड़ा करेंगी जिसकी शूटिंग 12 अप्रैल से शुरू हो रही है। रिमी सेन ने बताया कि जैसा कि आप सभी जानते हैं मैं फिल्मों से दूर रही हूं और इसके पीछे एकमात्र कारण है, मैंने बहुत सी चीजों की कोशिश की, कई फिल्में कीं, लेकिन मैं उस जगह को कभी हासिल नहीं कर सकी, वह संतुष्टि जिसकी मुझे इतने समय से तलाश थी।

मैं कभी भी पैसे के लिए काम नहीं करना चाहती थी, मैं हमेशा अपनी क्रिएटिविटी के लिए काम करना चाहती थी। यही मेरा एकमात्र लक्ष्य था। मैं तब पूरी तरह से डरी हुई थी और मैंने केवल बड़े बैनर, बड़े ऐक्टर्स के साथ काम करना शुरू किया, जहां मैंने कभी भुगतान नहीं किया।

मैंने मेरे रोल पर ध्यान नहीं दिया और मैंने उस समय एक बड़ी गलती की। रिमी सेन ने कहा कि बाद में जब मुझे एहसास हुआ कि मैं इस तरह नहीं जा सकती। मुझे थोड़ी देर के लिए पीछे हटना होगा। मुझे अपने पद से इस्तीफा देना होगा और मैंने फिल्मों के लिए श्रीराम राघवन और अन्य जैसे निर्देशकों से संपर्क करना शुरू कर दिया। फिर मैंने 'जॉनी गद्दार' और 'संकट सिटी' जैसी फिल्में कीं, लेकिन दुर्भाग्य से उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा काम नहीं किया।

फिर से मैं अपना प्यारा सा समय ले रही हूं और हम कुछ वेब सीरीज पर काम कर रहे हैं। शायद काम इस साल शुरू हो जाएगा लेकिन प्रेरणा अरोड़ा से मिलने के बाद ही मैंने इस इंडस्ट्री में वापस आने के बारे में सोचा। मुझे उन पर भरोसा है।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# क्या आपको भी रात को सोते समय पैरों में होता है दर्द ?



भागदौड़ भरी जिंदगी में शरीर पर ध्यान ना दे पाने की वजह से लोगों को मानसिक और शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक हैं रात को सोते समय पैरों में दर्द होना जिससे कई लोग परेशान हैं जो कि कई बार ऐंठन के चलते, मांस-पेशियों में अकड़ के कारण, मांस-पेशियों के एक के ऊपर एक चढ़ जाने के कारण, पोषण की कमी के कारण, शरीर में पानी की कमी के चलते या लंबे वक्त तक एक ही मुद्रा में रहने की वजह से भी हो सकता हैं। इससे निजात पाने के लिए कई लोग हर दिन पेन किलर दवाइयों का सेवन करते हैं जो सेहत को नुकसान पहुंचाने का काम करती हैं। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू उपाय लेकर आए हैं जिनकी मदद से रात को सोते समय पैरों में होने वाले दर्द से निजात मिलेगा। आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में...

हॉट एंड कोल्ड ट्रीटमेंट

यदि आपके पैरों में भी रात को सोते वक्त दर्द होता है तो इससे राहत पाने में हॉट एंड कोल्ड कंप्रेस बैग दोनों ही काफी फायदेमंद हो सकते है। हालांकि हॉट एंड कोल्ड ट्रीटमेंट को आप अपने दर्द के कारण को देखकर चयन कर सकते है। हॉट एंड कोल्ड कंप्रेस को दर्द वाली जगह पर कुछ मिनट के लिए रखकर सिकाई करें, यदि दर्द ज्यादा है तो आप इसे सप्ताह में 3 से 4 बार दोहरा सकते हैं।

एप्पल सीडर विनेगर

जिन लोगों के पैरों में ज्यादा दर्द बना रहता है उनको एप्पल सीडर विनेगर का इस्तेमाल करना चाहिए। यह आपको आपके दर्द से छुटकारा दिला सकता है। इसमें ऐसे तत्व मौजूद होते हैं जो पैरों में आई सूजन और दर्द में राहत पहुंचाने का काम करते हैं। एक कप में 2 चम्मच एप्पल सीडर विनेगर और आधा चम्मच शहद डालकर रोज खाली पेट इसको लें।

बर्फ से सिकाई

अगर बहुत अधिक दौड़-भाग करने से आपकी टांगों में दर्द है तो ठंडी पट्टी का इस्तेमाल करना आपके लिए फायदेमंद होगा। ऐसा करने से दर्द तो कम होगा ही, साथ ही अगर सूजन और झनझनाहट है तो उसमें भी फायदा मिलेगा। इसके लिए आप एक पतले कपड़े में बर्फ के कुछ टुकड़ों को डालकर प्रभावित जगह पर 1० से 15 मिनट तक सिकाई करें। दिन में दो से तीन बार ऐसा करना जल्दी फायदा पहुंचाएगा।

मेथी

मेथी पैरों के दर्द में आपको राहत पहुंचा सकती है। मेथी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज होती है। जो दर्द से राहत देने का काम करती है। आप एक बड़ा चम्मच मेथी दाने को दो गिलास पानी में डालकर रात भर के लिए भिगो कर छोड़ दें और सुबह इस पानी को खाली पेट पिएं। इस पानी को प्रतिदिन पीने से आपको पैरों के दर्द में राहत मिलेगी।

हल्दी

हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इनफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं। इसके ये गुण दर्द दूर करने में इसे मददगार बनाते हैं। इसके अलावा हल्दी में करक्यूमिन नामक एक तत्व भी पाया जाता है जो दर्द के साथ-साथ सूजन भी कम कर सकता है। इसलिए आप हल्दी का इस्तेमाल पैर दर्द दूर करने में कर सकते हैं। आपको पैर पर हल्दी का एक लेप बनाकर लगाना होगा। इसके लिए तिल के तेल में एक दो चम्मच हल्दी मिलाकर लेप तैयार किया जा सकता है। इस लेप को कम से कम आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके अलावा आप हल्दी वाला दूध बनाकर भी पी सकते हैं।

सरसों का तेल

पैरों में आई सूजन और दर्द से राहत पाने का सबसे आसान उपाए है पैरों की मालिश। आप अपने पैरों की मालिश सरसों के तेल से करें। सरसों के तेल में ऐसे गुण होते हैं जो दर्द से राहत देते हैं। मालिश करने से पैरों के मसल्स की जकड़न कम होती है साथ ही दर्द में भी आराम मिलता है।

ग्रीन टी

ग्रीन टी का सेवन करने से नसों में होने वाले दर्द में भी राहत मिल सकती है। ये तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) के स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। इसमें एल-थीनिन होता है, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी होती है। रोजाना दो से तीन कप ग्रीन टी आपको हाथ-पैरों और नसों में होने वाले दर्द से राहत दे सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -87

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# कस्टम ऑफिसर बनने की तैयारी में नवाजुद्दीन, जल्द शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

पिछले साल की तरह इस साल भी अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। वह एक के बाद एक नई फिल्म का ऐलान कर रहे हैं। अब नवाजुद्दीन एक और फिल्म से जुड़ गए हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन सेजल शाह कर रहे हैं, जो पिछली बार नवाजुद्दीन की फिल्म सीरियस मैन के निर्माता थे। जल्द ही अभिनेता इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

नवाजुद्दीन ने इस साल 14 फरवरी को फिल्म नूरानी चेहरा की शूटिंग शुरू की थी। अब उन्होंने इसका शूट पूरा कर लिया है और वह अपनी नई फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, नवाजुद्दीन और सेजल शाह एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसकी कहानी एक कस्टम ऑफिसर (सीमा शुल्क अधिकारी) के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। 20 अप्रैल से फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। इसका नाम अभी तय नहीं हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पहले शूटिंग गोवा में होगी, जहां फिल्म की टीम 10 दिन रहेगी। इसके बाद मुंबई में शूट जारी रहेगा। फिल्म को रियल लोकेशन पर शूट करने की योजना बनाई गई है। नवाजुद्दीन के अपोजिट लीड एक्ट्रेस की तलाश जारी है। अभिनेता ने अपने किरदार की तैयारी शुरू कर दी है। अपने किरदार के साथ इंसाफ करने के लिए नवाजुद्दीन ने कराटे और हर्डल ट्रेनिंग लेनी शुरू कर दी है। भावेश मंडलिया ने फिल्म की कहानी लिखी है।

भावेश एक बेहतरीन राइटर और प्रोड्यूसर हैं। वह फिल्म ओह माय गॉड के लेखकों में से एक रहे हैं। इरफान खान अभिनीत अंग्रेजी मीडियम की कहानी भी उन्होंने लिखी थी, वहीं नवाजुद्दीन की सफल फिल्म सीरियस मैन के राइटर और को-प्रोड्यूसर भी भावेश ही थे।

पिछली बार नवाजुद्दीन को उनकी फिल्म सीरियस मैन के लिए खूब सराहना मिली थी। उन्हें प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर के लिए नॉमिनेट भी किया गया था। सीरियस मैन का निर्देशन सुधीर मिश्रा ने किया है। यह मनु जोसेफ के उपन्यास सीरियस मेन पर आधारित है। फिल्म एक फैमिली ड्रामा है, जो अय्यन मणि, जो कि एक दलित है उसकी जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने अय्यन मणि का किरदार निभाया है।

नवाजुद्दीन निर्देशक शब्बीर खान की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म अद्भुत में दिखेंगे। इसके जरिए वह पहली बार इस जॉनर में प्रवेश कर रहे हैं। टाइगर श्रॉफ अभिनीत रोमांटिक एक्शन फिल्म हीरोपंती 2 में भी नवाजुद्दीन अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म में वह विलेन बने हैं। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म जोगिरा सारा रा रा को लेकर भी नवाजुद्दीन सुर्खियों में हैं। भूमि पेडनेकर के साथ नवाजुद्दीन फिल्म अफवाह में नजर आएंगे। विशाल भारद्वाज की रोमांटिक फिल्म भी नवाजुद्दीन के खाते में है।

# 15 अप्रैल को चीन में रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म दृश्यम

अजय देवगन की 2015 में आई हिन्दी फिल्म दृश्यम दर्शकों को एक अलग सफर पर लेकर जाती है। यह फिल्म आपको अंत तक बांधे रखेगी। अब तो दृश्यम 2 पर भी जोर-शोर से काम चल रहा है। इस बीच जानकारी सामने आ रही है कि अजय की फिल्म दृश्यम 15 अप्रैल को चीन में रिलीज होने वाली है। इससे संबंधित फिल्म का एक पोस्टर भी जारी कर दिया गया है। निशिकांत कामत ने दृश्यम का निर्देशन किया है। बताया, यह माना जाता था कि ज्यादातर परिवार, शिक्षा, पालन-पोषण आदि विषयों पर भारतीय फिल्में चीन में अच्छा प्रदर्शन करेंगी। आयुष्मान खुराना अभिनीत श्रीराम राघवन की अंधाधुन (2018) हिट हुई थी। इसने 46.6 मिलियन अमरीकी डालर यानी 325 करोड़ रुपये कमाए थे, जब इसे पड़ोसी देश में अप्रैल, 2019 में रिलीज किया गया। अंधाधुन भी दृश्यम की तरह एक थ्रिलर थी। इसलिए, उम्मीद है कि दृश्यम वहां अच्छा प्रदर्शन करेगी। चीन में भारतीय फिल्मों की रिलीज कोरोना महामारी के कारण रुक गई थी। इस साल हालात सामान्य होने के बाद एक बार फिर भारतीय फिल्मों की रिलीज चीन में शुरू हो गई है। 7 जनवरी को दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की छिछोरे चीन में रिलीज की गई थी। इसे भारतीय सिनेमाघरों में 2019 में रिलीज किया गया था।

चीन भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बन गया है, क्योंकि वहां कई फिल्मों ने शानदार कारोबार किया है। आमिर खान अभिनीत दंगल (2016) चीन में ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म ने चीनी बॉक्स ऑफिस पर 1,000 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था। सीक्रेट सुपरस्टार (2017), टॉयलेट - एक प्रेम कथा (2017), हिन्दी मीडियम (2017), हिचकी (2018) जैसी फिल्में भी चीन के सिनेमाघरों में बड़ी सफलता हासिल करने में कामयाब रही हैं।

दृश्यम 2013 में आई मलयालम फिल्म की हिन्दी रीमेक है, जिसमें मोहनलाल ने लीड रोल निभाया था। दिलचस्प बात यह है कि दृश्यम का चीनी रीमेक भी बन चुका है। शीप विदाउट ए शेफर्ड नाम से इसे 2019 में रिलीज किया गया था। अजय अभिनीत दृश्यम में तब्बू, श्रिया सरन और इशिता दत्ता नजर आई थीं। फिल्म में दिखाया जाता है कि कैसे एक चौथी पास शख्स अपने परिवार को कानूनी अड़चन से बचाता है। दृश्यम 2 की कहानी दृश्यम की कहानी से छह साल आगे है। अजय इसमें एक खुशहाल बिजनेसमैन के किरदार में दिखेंगे। कहानी में मोड़ तब आता है, जब पुराने केस में यह परिवार फंस जाता है। दृश्यम 2 में अक्षय खन्ना नजर आ सकते हैं।

# मैं बॉलीवुड सिनेमा के बेहतरीन दौर में काम कर रही हूं:वाणी कपूर



अभिनेत्री वाणी कपूर सर्वश्रेष्ठ बॉलीवुड युग में काम करने के लिए धन्य महसूस करती हैं। उनका कहना है कि आज के समय में उन विषयों की व्यापक स्वीकृति है जिन्हें पहले एक्टर्स के लिए सही नहीं माना जाता था। वाणी कहती हैं कि तथ्य यह है कि उद्योग ने चंडीगढ़ करे आशिकी (सीकेए) और बधाई दो जैसी बैक टू बैक प्रगतिशील फिल्मों का निर्माण किया है, जो हिंदी फिल्म उद्योग के प्रतिमान बदलाव को दर्शाता है।

वाणी भारत के प्रगतिशील फिल्म दर्शकों को इस तरह की फिल्मों को खुली बाहों से स्वीकार करने का श्रेय देती हैं क्योंकि इससे सभी लिंगों (जेंडर)के लिए समावेशिता की दिशा में सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन होगा।

वाणी कहती हैं कि मुझे खुशी है कि चंडीगढ़ करे आशिकी और बधाई दो दोनों ने अपने दर्शकों को पाया और अत्यधिक विभाजनकारी दुनिया में समावेशिता की हार्दिक कहानी के साथ लोगों का मनोरंजन किया। एक अभिनेता और सिनेमा के उपभोक्ता के रूप में, मुझे ऐसे मनोरंजन पसंद हैं जो संदेश देते हैं और मुझे गर्व है कि मैं चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी फिल्म का हिस्सा थी।

वाणी अगली बार बहुप्रतीक्षित एक्शन ड्रामा शमशेरा में दिखाई देंगी जो 22 जुलाई को रिलीज होगी।

इस फिल्म में वाणी और रणबीर कपूर की फ्रेश जोड़ी नजर आएगी।

# मर्डर इन अगोंडा सीरीज का ट्रेलर जारी

क्राइम सीरीज मिर्जापुर में अपने काम के लिए चर्चित हुई अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर इस साल आने वाली अपनी छह सीरीज को रिलीज करने के लिए तैयार हैं।

उनकी एक सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया, जिसका नाम मर्डर इन अगोंडा है। सीरीज गोवा में एक हाई-प्रोफाइल हत्या के मामले के ऊपर बनाई गई है, जिसमें कई तरह के संसपेंस भी मौजूद हैं।

विक्रम राय द्वारा निर्देशित और दक्षिण गोवा में शूट की गई सीरीज में, वह एक फोरेंसिक विशेषज्ञ सरला की भूमिका निभाएंगी। उन्होंने आगे कहा, मैं सीरीज में इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश कर रही हूं। मर्डर इन अगोंडा मेरी पहली मिनी सीरीज है और मैंने वास्तव में एक जासूस की भूमिका निभाई है। सीरीज में आसिफ खान और कुब्रा सैत भी हैं, जिसका प्रीमियर आठ अप्रैल से अमेजन मिनीटीवी पर होगा। मर्डर इन अगोंडा के अलावा श्रिया को अपने अगले प्रोजेक्ट क्रैकडाउन 2 की रिलीज का भी इंतजार है।

# रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव की टीम में शामिल हुई गायत्री भारद्वाज

रवि तेजा-स्टारर टाइगर नागेश्वर राव के निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य भूमिका के बारे में विवरण की घोषणा की है। इस आगामी अखिल भारतीय फिल्म के लिए पहले से ही नूपुर सेनन के साथ, निर्माताओं ने फिल्म में एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए गायत्री भावद्वाज को चुना है।

इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के औपचारिक मुहूर्त लॉन्च के लिए निर्माताओं ने 2 अप्रैल को लॉक कर दिया है। इस फिल्म में रवि तेजा एक मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित कहानी है।

टाइगर नागेश्वर राव आंध्र प्रदेश की एक कुख्यात जगह स्टुअर्ट पुरम के इर्द-गिर्द घूमेगी। वामसी के निर्देशन में बनी इस फिल्म के संवादों को कलमबद्ध करने के लिए पुष्पा लेखक श्रीकांत विसा को अनुबंधित किया गया है।

टाइगर नागेश्वर राव तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में बनाई जाएगी।

गायत्री भारद्वाज एक उभरती हुई भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं। 2018 में, गायत्री को एफबीबी कलर्स फेमिना मिस इंडिया यूनाइटेड कॉन्टिनेंट्स 2018 के रूप में चुना गया था। उन्होंने कोडक लेंस मिस स्पेकेक्युलर आइज़, सेफ़ोरा मिस ग्लैमरस लुक, जियो मिस पॉपुलर, मिस इंडिया दिल्ली 2018 जैसे अन्य कई खिताब जीते है।

गायत्री ने अपने अभिनय की शुरुआत साल 2021 में, बीबी की वाइन वेब सीरीज ढिंढोरा से की। गायत्री सोशल मीडिया पर मुख्य रूप से इंस्टाग्राम पर बहुत सक्रिय हैं, जहां वह अपनी बोल्ड, आकर्षक, यात्रा, जीवन की घटनाओं की तस्वीरें और वीडियो साझा करती हैं, जहां गायत्री के 516 के फॉलोअर्स (फ़रवरी 2022 तक) हैं।

# जून से एक साथ टाइगर 3 की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान और शाहरुख

शाहरुख खान ने शनिवार को ही पठान से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। अपने लुक में वह शर्टलेस नजर आए और उनका एट पैक एब्स काफी चर्चा में रहा। पठान के अलावा वह सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देंगे। अब सुनने में आ रहा है कि शाहरुख और सलमान जून से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा कर रहे हैं।

रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख और सलमान जून महीने से एक साथ टाइगर 3 की शूटिंग में लग जाएंगे। एक सूत्र ने बताया कि दोनों कलाकार जून में मुंबई में फिल्म की टीम के साथ जुड़ेंगे। सलमान भी शाहरुख की पठान में कैमियो करते हुए दिखेंगे। कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने कैमियो की शूटिंग इस फिल्म में पूरी कर ली है। अब जल्द शाहरुख सलमान का एहसान चुकाने वाले हैं।

वर्तमान में शाहरुख स्पेन में पठान की शूटिंग कर रहे हैं और इस महीने के अंत तक मुंबई लौट आएंगे। इसके बाद वह अप्रैल में राजकुमार हिरानी की अनटाइटल फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। सलमान जल्द ही साजिद नाडियाडवाला की फिल्म कभी ईद कभी दीवाली की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके बाद दोनों कलाकार अपनी-अपनी शूटिंग से ब्रेक लेंगे और टाइगर 3 के लिए एक बहुत ही दिलचस्प सीक्वेंस को पूरा करेंगे। पठान और टाइगर 3 दोनों ही एक्शन थ्रिलर फिल्में हैं। शाहरुख और सलमान ने दोनों फिल्मों के लिए इसलिए हाथ मिलाया है, ताकि दोनों ही फ्रेंचाइजी को एक बेहतर रूप दिया जा सके। इस प्रयोग से दोनों कलाकारों के फैंस जरूर आकर्षित होंगे।

पटकथा आदित्य चोपड़ा और लेखक श्रीधर राघवन ने लिखी है। टाइगर 3 की कहानी के कॉन्सेप्ट को 2018 से ही तैयार किया जा रहा था। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग-अलग देशों की यात्रा करते हैं। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को रिलीज होगी। सलमान फिल्म में एक रॉ (रॉ) एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका निभाएंगे। कैटरीना कैफ फिर से जोया की भूमिका में दिखेंगी। फिल्म में इमरान हाशमी विलेन बनेंगे।

टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था और इसे बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस के मामले में भी काफी सफलता मिली थी। इसकी सीक्वल फिल्म टाइगर जिंदा है 2017 में देशभर में रिलीज की गई थी। अली अब्बास जफर की इस फिल्म में कैटरीना, सलमान के साथ मुख्य भूमिका में दिखी थीं।

# जल शक्ति अभियानः कैच द रेन अभियान ने प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण से जोड़ दिया

गजेंद्र सिंह शेखावत

राष्ट्रपति द्वारा 29 मार्च, 2022 को जल शक्ति अभियान- कैच द रेन- 2022 का शुभारम्भ किया गया था। यह तीसरा वर्ष है, जब देश वर्षा जल के संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए एक जन आंदोलन का मिशन मोड में आयोजन कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और उनकी प्रेरणा से, जल शक्ति अभियान को पहली बार वर्ष 2019 में सभी को 'वर्षा के लिए तैयार करने' के विज़न के साथ शुरू किया गया था, ताकि हम वर्षाजल का अधिक से अधिक भण्डारण और उपयोग कर सकें तथा हमारे भूजल भंडार को फिर से भरा भी जा सके।

भूजल को कभी-कभी अदृश्य संसाधन कहा जाता है। हर कोई इसका इस्तेमाल करता है। यह ज्यादातर मामलों में निःशुल्क है और उन लोगों को उपलब्ध है, जो इन स्रोतों तक पहुंच पाते हैं, या जिनके पास इसे प्राप्त करने के साधन मौजूद हैं। यह झीलों, आर्द्रभूमि और जंगल जैसे महत्वपूर्ण पारितंत्र को बनाए रखता है।

भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है और उपलब्ध वैश्विक संसाधनों के एक चौथाई से अधिक का उपयोग करता है। भूजल ने कई दशकों से देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह लाखों नलकूपों के माध्यम से %हरित क्रांति% की सफलता सुनिश्चित करने में प्रमुख संचालक सिद्ध हुआ है। यह सीमित संसाधन वर्तमान में 60 प्रतिशत से अधिक कृषि की सिंचाई, 85 प्रतिशत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति और 50 प्रतिशत से अधिक शहरी जल आपूर्ति की ज़रूरतों को पूरा करता है।

भूजल के बढ़ते उपयोग और पुनर्भरण से अधिक दोहन के परिणामस्वरूप इस मूल्यवान संसाधन के भण्डार में महत्वपूर्ण कमी आयी है। बड़े पैमाने पर आजीविका के नुकसान से लेकर प्रवासी लोगों के लिए सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता में कमी से जुड़े स्वास्थ्य मुद्दों तक, जल-संकट का गंभीर प्रभाव पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के कारण यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि यह वर्षा के पैटर्न को अनिश्चित बनाता है और भूजल पुनर्भरण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। वर्तमान में, देश के लगभग एक तिहाई भू-जल संसाधन विभिन्न स्तरों के संकट झेल रहे हैं। छोटे एवं सीमांत किसान, महिलाएं और समाज के कमजोर वर्ग, भूजल की कमी और दूषित जल का सबसे ज्यादा नुकसान सहते हैं।

इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री की प्रेरणा से भारत सरकार ने 2019 में जल शक्ति अभियान (जेएसए) की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने स्वयं सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा सभी पंचायतों के अग्रणी कर्मियों को पत्र लिखा एवं उनसे अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान को नेतृत्व प्रदान करने का अनुरोध किया।

यह मिशन मोड में एक समयबद्ध जल संरक्षण अभियान था, जिसे देश में जल-संकट झेल रहे 256 जिलों के 1,592 ब्लॉकों में जुलाई-नवंबर 2019 की अवधि के दौरान लागू किया गया था। ये ब्लॉक भूजल के सन्दर्भ में संकटग्रस्त या अत्यधिक उपयोग किये जाने की श्रेणी में आते हैं, जहां संचय होने की तुलना में भूजल को अधिक मात्रा में निकाला जा रहा था।

जेएसए, भारत सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न मंत्रालयों का एक परस्पर सहयोगी प्रयास था, जिसका संचालन जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया जा रहा था। इस अभियान के दौरान, भारत सरकार के अधिकारियों, भूजल विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों ने पांच लक्षित कार्यों के त्वरित कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए जल संरक्षण और जल संसाधन प्रबंधन के लिए भारत के सबसे जल-संकटग्रस्त जिलों में राज्यों और जिला अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया। जेएसए का उद्देश्य व्यापक प्रचार-प्रसार और समुदायों की भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना है।

जेएसए ने पांच बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित किया- जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, पारंपरिक और अन्य जल निकायों का पुनरुद्धार, पानी का पुनः उपयोग और संरचनाओं का पुनर्भरण, वाटरशेड विकास और गहन वनीकरण। इसके अलावा, विशेष कार्यक्रमों में ब्लॉक जल संरक्षण योजनाओं और जिला जल संरक्षण योजनाओं का निर्माण, कृषि विज्ञान केंद्र मेलों का आयोजन, शहरी अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और सभी गांवों के लिए 3 डी रूपरेखा मानचित्रण आदि शामिल हैं।

राज्यों ने कई स्रोतों से संसाधनों का इस्तेमाल किया। यह निर्धारित किया गया था कि मनरेगा निधि का कम से कम 60 प्रतिशत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन गतिविधियों, मुख्य रूप से जल संरक्षण पर खर्च किया जाना चाहिए। पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान, कैम्पा निधि, सीएसआर संसाधनों का उपयोग इन कार्यक्रमों को निधि देने के लिए किया गया था।

2019 में सभी हितधारकों के संयुक्त प्रयासों से 2.73 लाख जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण हुआ, 45,000 जल निकायों/टैंकों का पुनरुद्धार किया गया, 1.43 लाख पुनः उपयोग और पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण हुआ, 1.59 लाख वाटरशेड विकास संबंधी कार्य पूरे किये गए, 12.36 करोड़ पौधे लगाये गए और 1372 ब्लॉक जल संरक्षण योजनाओं की तैयारी की गयी।

इन आंकड़ों से अलग, अभियान ने जल पुनर्भरण और प्रबंधन के लिए काम कर रहे सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए एक प्रभावशाली वातावरण तैयार किया। कई राज्यों ने मूल रूप से निर्धारित कार्य की तुलना में अधिक कार्य किये। कुछ राज्यों ने अपने सभी जिलों में इस अभियान का विस्तार किया, जबकि प्रारंभ में पानी की कमी वाले जिलों के लिए ही योजना की शुरुआत की गयी थी।

वर्ष 2020 में देश ने कोविड महामारी से मुकाबले की शुरुआत की थी। इसलिए, उस वर्ष पूरे तौर पर जन-आंदोलन को लागू करना संभव नहीं था। इसलिए, जल शक्ति मंत्रालय ने वर्षा जल संचयन में वृद्धि के लिए शैक्षणिक संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों जैसे बड़े भूखण्डों पर काम किया।

2019 में प्राप्त प्रतिक्रिया से प्रोत्साहित होकर, वर्ष 2021 में जेएसए-2019 के दायरे का विस्तार किया गया और जल शक्ति अभियानः कैच द रेन (जेएसएः सीटीआर) को देश के सभी जिलों (ग्रामीण और शहरी) में शुरू किया गया। जेएसएः सीटीआर को 22 मार्च, 2021 से 30 नवंबर 2021 के दौरान कैच द रेन, व्हेयर फॉल्स, व्हेन फॉल्स थीम के साथ लागू किया गया था।

देश में जीवन और आजीविका के लिए पानी के महत्व को देखते हुए, जल संरक्षण कार्य को विस्तार देने के लिए 'वर्षा की तैयारी' को वार्षिक कार्य का दर्जा दिया जाना चाहिए। इसलिए इस वर्ष भी जल शक्ति अभियान : कैच द रेन का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। अभियान 22 मार्च, 2022 से 30 नवंबर, 2022 तक लागू किया जाएगा, जिसमें मानसून-पूर्व और मानसून अवधि को कवर किया जायेगा।

पिछले वर्ष की तरह, जल संरक्षण और पुनर्भरण गतिविधियों में निम्न को शामिल किया जायेगा - सरकारी भवनों की प्राथमिकता के साथ सभी भवनों पर छत के ऊपर आरडब्ल्यूएचएस, सभी परिसरों में जल संचयन गड्ढे, पुराने/नए चेक बांधों/तालाबों का रख-रखाव/ निर्माण; तालाबों/झीलों से अतिक्रमणों को हटाना, तालाबों की भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकालना, जल-प्रवाह के अवरोधों को हटाना, पारंपरिक बावड़ियों और अन्य आरडब्ल्यूएचएस की मरम्मत करना, जलभृतों के पुनर्भरण के लिए निष्क्रिय बोरवेल/अप्रयुक्त कुओं का उपयोग करना, छोटी नदियों/नालों का कायाकल्प, आर्द्रभूमि का पुनरुद्धार और बाढ़-बांधों की सुरक्षा आदि।

## सू- दोकू क्र. 87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.86का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## नितेश तिवारी की बवाल में नजर आएगी वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करने वाले है। उनकी पहली फिल्म बवाल की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। वरुण धवन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस बात की सूचना दी है। इससे पहले मेकर्स ने बोला था कि ये फिल्म फरवरी, 2022 को रिलीज़ करना था। वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मूवी बवाल रिलीज डेटः वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर साझा कर दिया है। इसमें वरुण धवन ने कहा है कि उनकी और जाह्नवी कपूर की मूवी बवाल 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज़ की जाने वाली है। नेशनल अवॉर्ड विनर्स नितेश तिवारी की ये मूवी का डायरेक्शन और साजिद नाडियाडवाला की फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे है। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, अब होगा बवाल! साजिद नाडियाडवाला और नितेश तिवारी के साथ अगली फिल्म की घोषणा करके काफी एक्साइटेड हूं। आपको 7 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में देखने का इंतजार नहीं कर सकता। हैशटैग के साथ गुड फ्राइडे लिखा है।

रिपोर्ट्स के अनुसार वरुण धवन की पोस्ट पर फैंस खूब कमेंट कर रहे हैं और उनकी और जाह्नवी कपूर की जोड़ी को पेहली बार पर्दे पर देखने के लिए बहुत उत्साहित भी हैं।

## निजता का खुलेआम हनन

इस बिल के दायरे में अभियुक्त भी हैं। यानी जिनका अपराध सिद्ध नहीं हुआ है और जिन्हें अपराधी नहीं कहा जा सकता, उन पर भी प्रस्तावित कानून लागू होगा। जबकि प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत यह है कि जब तक कोई व्यक्ति अपराधी साबित ना हो जाए, उसे सामान्य नागरिक माना जाता है।

सुप्रीम कोर्ट निजता (प्राइवेसी) को भारत के नागरिकों का मूल अधिकार घोषित कर चुका है। लेकिन क्या भारत सरकार उसका सम्मान करती है, यह एक गंभीर प्रश्न है। यह सवाल पहले भी कई मौकों पर कई मामलों में उठा है। अब यह फिर से लोकसभा में पेश दंड प्रक्रिया पहचान विधेयक 2022 के कारण चर्चा में है। इस बिल में प्रावधान है कि किसी अपराध के मामले में गिरफ्तार और दोषसिद्ध अपराधियों का रिकॉर्ड रखने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकेगा। यहां ये बात गौरतलब है कि इस बिल के दायरे में अभियुक्त भी हैं। यानी जिनका अपराध सिद्ध नहीं हुआ है और जिन्हें किसी परिभाषा के आधार पर अपराधी नहीं कहा जा सकता, उन पर भी प्रस्तावित कानून लागू होगा। जबकि प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत यह है कि जब तक कोई व्यक्ति अपराधी साबित ना हो जाए, उसे सामान्य नागरिक माना जाता है। उसे उसके मूलभूत अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। लेकिन इस बिल ने अभियुक्त और सजायाफ्ता अपराधी का फर्क मिटा दिया है। विधेयक को हाल में केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी थी।

विधेयक पेश करते हुए गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि अभी मौजूद कानून में सिर्फ उंगली के निशान और पांव के निशान लेने की अनुमति है। अब जबकि अब नई प्रौद्योगिकी आ गई है, तो इस कानून में संशोधन की जरूरत पड़ी है। सरकार का कहना है कि संशोधन से जांच एजेंसियों को मदद मिलेगी और दोषसिद्धि भी बढ़ेगी। वहीं इस विधेयक के विरोध में लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने कहा कि यह अनुच्छेद 20 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने उचित ही कहा कि यह बिल निजता के अधिकार का उल्लंघन करता है। विधेयक के पारित होने के बाद पुलिस के पास यह अधिकार आ जाएगा कि वह आरोपी या सजायाफ्ता लोगों के शारीरिक और जैविक नमूने ले सकेगी। पुलिस आंखों की पुतलियों की पहचान, हथेली-पैरों की छाप, फोटो और लिखावट के नमूने भी ले सकेगी। बिल पुलिस थाना प्रभारी या हेड कांस्टेबल रैंक के पुलिसकर्मी को आरोपियों के नमूने लेने का अधिकार देता है। इन मापों के रिकॉर्ड संग्रह की तारीख से 75 वर्षों तक बनाए रखा जाएगा। यह बिल अपराधियों की पहचान अधिनियम 1920 को खत्म कर नया कानून बनाने के लिए लाया गया है।( आरएनएस)

# विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी ने की उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट



विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने आज अपने दिल्ली प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति एम वैंकया नायडू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उपराष्ट्रपति को पुष्पगुच्छ भेंट किया।

शिष्टाचार भेंट के दौरान उपराष्ट्रपति ने ऋतु खंडूड़ी भूषण को उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्तराखंड के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर उपराष्ट्रपति से चर्चा की। वहीं उपराष्ट्रपति ने ऋतु खंडूडी से विधानसभा अध्यक्ष के तौर पर प्रथम बार सदन संचालन के अनुभव के बारे में भी बातचीत की।

# नौकरी देने के नाम पर युवती से दुष्कर्म

संवाददाता

देहरादून। नौकरी देने के नाम पर युवती से दुष्कर्म करने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर निवासी युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह यहां नौकरी की तलाश में आयी थी। वह 18 फरवरी को आराघर पर नौकरी तलाश में घूम रही थी तभी उसको बलबीर रोड निवासी बिट्टू नामक व्यक्ति मिला जिसने बताया कि उसकी बलबीर रोड पर बिट्टू जनरल स्टोर के नाम से दुकान है उसका परिवार भी वहीं रहता है। उसने बताया कि उसका होलसेल का का एक बडा जनरल स्टोर रावत पुलिस कुआंवाला में है तुम्हें वहीं नौकरी पर लगा दूंगा वहीं रहने की भी व्यवस्था हो जायेगी। 21 फरवरी को वहां आने के लिए कहा था और उसको नौकरी पर रख लिया। 22 फरवरी की शाम को बिट्टू वहां पर आया और गोदाम पर काम करने वालों की उसने छुटटी कर दी। वह भी साथ में मिले कमरे में खाना बनाने की तैयारी कर रही थी तभी बिट्टू उसके कमरे में आ गया और अन्दर से कमरा बन्द कर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा उसके विरोध करने के बाद भी उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दी कि किसी से कहा तो जान से मार दूंगा। जिसके बाद वह अपने घर मुजफ्फरनगर चली गयी। उसने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया तो परिजन उसको लेकर डोईवाला थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने उसको मुकदमा दर्ज नहीं किया। न्यायालय के आदेश पर डोईवाला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेसी नेता उतरें..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बाजार में कच्चे तेल के दाम 150 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद देश में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम काफी कम थे, वहीं अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में भारी गिरावट के बावजूद देश में पेट्रोल के दाम 110 रूपये प्रति लीटर से अधिक तथा डीजल के दाम 90 रूपये प्रति लीटर से अधिक के उच्च स्तर पर हैं तथा रसोई गैस के दाम 1000 रूपये पर पहुंचने वाले हैं। पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में लगातार की जा रही भारी वृद्धि के कारण गरीब और मध्यम वर्ग के हितों पर भारी चोट पहुँची है।

गौरतलब है कि कांग्रेस गठबन्धन की सरकार के समय में रसोई गैस का मूल्य 414 रूपये था जबकि वर्तमान में रसोई गैस का मूल्य 950 तक पहुँच गया है। आम जरूरत की चीजों के दामों में विगत 9 वर्षो में कई गुना वृद्धि से आम गरीब व्यक्ति का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हर दु:ख दर्द में उनके साथ खडी है तथा भाजपा की इस गरीब विरोधी नीति का सडक से लेकर सदन तक विरोध करती रहेगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने मसूरी रा.उप चिकित्सालय में किया चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण

विशेष संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज मसूरी में राजकीय उप चिकित्सालय मसूरी को डी. एल.एफ. द्वारा प्रदान किए गए चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी उप चिकित्सालय के लिए डी.एल.एफ द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उप चिकित्सालय मसूरी में आधुनिक सी.टी स्कैन मशीन,आर्म मशीन, इमरजेंसी वेंटिलटर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी उप चिकित्सालय में इन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता से मसूरी एवं आस-पास के



क्षेत्रों धनोल्टी, नैनबाग एवं जौनपुर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को सुविधा होगी। कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की मजबूती के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर केबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मसूरी के नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, भाजपा देहरादून के जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर, भाजपा के मसूरी मंडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल आदि कई लोग उपस्थित थे।

## शराब के साथ दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने चार पेटी शराब के साथ दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने वनखण्डी में रॉयल बेकरी के पास दो महिलाओं व एक पुरूष को संदिग्ध अवस्था में प्लास्टिक के कटटों से साथ घुमता हुआ देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही पकड लिया।

## केवाईसी अपडेट करते ही खाते से निकले 49999 रुपये

देहरादून (सं)। एसबीआई बैंक खाते की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर खाते से 49999 खाते से निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी अश्वनी एनकलेव, सेवंला कला ने साइबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके फोन पर एक एसएमएस आया था जिसमे मुझे एसबीआई बैंक एकाउंट का केवाईसी पेन कार्ड अपडेट करने का लिंक दिया था जिसको मैने क्लीक कर दिया तो एसबीआई योमो की फर्जी साईड खुली जिसमे मैने अपना आईडी पासवर्ड डाल दिया तथा एकाउंट से 49999 रूपये कटने का एसएमएस आया। जिसके तुरन्त बाद एसबीआई बैक से फोन कर मुझे बताया गया कि आपका पैसा पेटीएम मे ट्रासफर हुआ है क्या आपने किया है मैने मना किया। इसके उपरान्त उन्होने मुझे साइबर क्राईम के नम्बर पर कॉल करने के लिए कहा तथा मैने दस पन्द्रह मिनट मे ही सभी शिकायत दर्ज कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मुख्यमंत्री धामी व कैबिनेट मंत्री जोशी का विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने किया स्वागत

विशेष संवाददाता

देहरादून। मसूरी टॉउन हॉल सभागार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आज विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। राज्य में भाजपा को लगातार दूसरी बार पूरा समर्थन देने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्य संस्कृति एवं कार्य व्यवहार आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने उत्तराखण्ड के राज्य आन्दोलनकारियों का स्मरण करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड को राज्य आन्दोलनकारियों के सपनों के अनुरूप प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प है। हमने जनता से जो वायदे किये हैं, वे सभी पूरे किये जायेंगे। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद पहली केबिनेट में उत्तराखण्ड के सभी लोगों के लिए एक समान कानून के लिए समिति बनाने को केबिनेट से मंजूरी दी गई है। जल्द ही विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। पर्यावरण मित्रों का मानदेय बढ़ाकर प्रतिदिन 500 रूपये किया गया है। सरकार ने पति-पत्नि दोंनों को वृद्धावस्था पेंशन देने का निर्णय लिया है और इसकी धनराशि भी बढ़ाई है। प्रदेश में गरीब परिवारों को एक साल में तीन गैस सिलेण्डर मुफ्त देने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में अनेक विकास कार्य हो रहे हैं। केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में हवाई, रेल, सड़क कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है। भव्य एवं दिव्य केदारपुरी का निर्माण हुआ है। बद्रीनाथ में विभिन्न कार्यों के लिए केन्द्र सरकार से 250 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल चुकी है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन पर तेजी से कार्य हो रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में एम्स ऋषिकेश में अनेक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मसूरी के लोगों के लिए विभिन्न प्रमाण-पत्र बनाने के लिए कहीं और न जाना पड़े, इसके लिए मसूरी में व्यवस्था की जायेगी। सिफनकोट में लोगों के मकान जल्द बनवाये जायेंगे। मसूरी में गढ़वाल सभा के भवन के लिए 1.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। केबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन अपेक्षाओं के आधार पर प्रदेश का विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मसूरी की जनता का उन्हें हर बार आशीर्वाद मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री को मसूरी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मसूरी के नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, भाजपा के देहरादून जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुण्डीर, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, भाजपा के मसूरी मण्डल अध्यक्ष मोहन पेटवाल एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## एक नजर

# धोखाधड़ी के मामले में बीजेपी नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज!

मुंबई। आईएनएस विक्रांत को बचाने के लिए क्राउड–फंडिंग के माध्यम से इकट्ठा किये गए ५७ करोड़ रुपए के गबन के मामले में बॉम्बे पुलिस ने भाजपा नेता किरीट सोमैया और उनके बेटे नील के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में एक पूर्व सेना के अधिकारी की शिकायत पर सोमैया के खिलाफ आईपीसी की धारा ४२० (धोखाधड़ी और संपत्ति की डिलीवरी सहित बेईमानी) और ४०६ (आपराधिक विश्वासघात के लिए सजा) और ३४ (सामान्य इरादे) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के



अनुसार बीती रात दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, आईएनएस के नाम पर मुंबई नॉर्थ–ईस्ट से बीजेपी के पूर्व सांसद सोमैया ने चंदा लिया, लेकिन उसे महाराष्ट्र राजभवन में जमा नहीं किया। भूमि घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने बुधवार को सोमैया पर पैसे की हेराफेरी करने का आरोप लगाया था। संजय राउत ने कहा था कि आईएनएस विक्रांत को संग्रहालय में बदलने के लिए जनता से ५७ करोड़ रुपए इकट्ठा करने के लिए २०१३–१४ में किरीट सोमैया के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया था। यह राशि राजभवन में जमा की जानी थी। लेकिन एक आरटीआई के अनुसार पैसा कभी जमा नहीं किया गया था।

# रूसी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों के सबूतों के बावजूद जारी रहेगी वार्ता: जेलेंस्की

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच वार्ता रूसी सेना द्वारा किए गए अत्याचारोंं के सबूतों के बावजूद जारी रहेगी। जेलेंस्की ने बुधवार को तुर्की के हैबर्टर्क टेलीविजन चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा, किसी भी मामले में, हमें वार्ता प्रक्रिया के लिए छोटे अवसर भी खोजने होंगे। इसके बिना, मुझे लगता है कि युद्ध को समाप्त करना मुश्किल है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वार्ता में तुर्की



सहित अन्य देशों के मध्यस्थता मिशन के महत्व पर जोर दिया। यूक्रेन की सेना द्वारा रूसी सेना से शहर का नियंत्रण वापस लेने के बाद, कीव से लगभग २८ किमी उत्तर पश्चिम में बूचा में बच्चों सहित कम से कम २८० लोग मृत पाए गए। जेलेंस्की ने पहले बूचा में नागरिकों की हत्याओं को युद्ध अपराध कहा था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यूक्रेन के कीव क्षेत्र में बूचा की बस्ती में नागरिकों की कथित हत्या के कीव के आरोपों का खंडन किया।

# गणित का पेपर खराब होने पर छात्र ने खुद को मारी गोली

बरेली । उत्तर प्रदेश के बरेली के बिथरी चौनपुर के उगनापुर गांव के रहने वाला बारहवीं का गणित का पेपर खराब होने पर छात्र ने अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यशपाल के चचेरे भाई ने बताया कि पेपर खराब होने की वजह से यशपाल काफी डिप्रेशन में था। इंटरमीडिएट का छात्र यशपाल अपने पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता किशन ने



बताया कि हमारे चार बच्चे हैं। उनमें से तीन बेटियां हैं और एक ही बेटा था। छात्र के आत्महत्या करने से परिवार का चिराग बुझ गया है। परिवार का अब रो–रोकर बुरा हाल है पूरे घर में कोहराम मचा हुआ है। छात्र के माता पिता घर से बाहर गए हुए थे। तभी यशपाल ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घर में तीन बहने थी। जो दूसरे कमरे में टीवी देख रही थीं। गोली की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग उसके घर पहुंचे। तो देखा यशपाल लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ा हुआ था। जिसके बाद परिवार वालो और पुलिस को सूचना दी। गोली की आवाज सुनकर घर में आफरा–तफरी मच गई और बहनों ने यशपाल के कमरे में जाकर देखा तो यशपाल खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। इसकी सूचना तुरंत बहनों ने अपने माता–पिता को दी।

# प्रीतम ने की गांव के लोगों को अधिक समय देने की मांग

विशेष संवाददाता

देहरादून। लखवाड़–व्यासी परियोजना के विस्थापन के मुद्दे को लेकर आज कांग्रेस नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव एसएस संधू से मिलकर उन्हें विस्थापित किए जाने वाले गांव लोहरी के लोगों की समस्याओं से अवगत कराया गया और घर छोड़ने के लिए उन्हें और अधिक समय देने की मांग की गई।

मुख्य सचिव को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि गांव लोहरी के लोग विस्थापन के लिए तैयार हैं। वह विस्थापन या सरकार के किसी काम का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन पुलिस प्रशासन जिस तरह लाठी के दम पर उनसे अपना घर–बार छोड़ने पर मजबूर कर रहा है



**लखवाड़ व्यासी परियोजना के तहत लोहरी गांव के विस्थापन का मामला**

वह गलत है। प्रीतम सिंह का कहना है कि जो लोग इतने सालों से गांव व घरों में रह रहे हैं वह रातों–रात अपने सामान और ढोर–डंगरों के साथ कहां जाएं यह आसान नहीं है। प्रशासन द्वारा उन्हें 24 घंटे में घर छोड़ने का फरमान दे दिया गया और घर न छोड़ने पर उनके साथ मारपीट की जाए यह उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन को उन्हें घर छोड़ने के लिए हफ्ते–दस दिन का समय तो दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन–शासन उन्हें तीन हजार रूपये किराया देने की बात कह रहा है। सवाल यह है कि क्या तीन हजार रूपये के किराए में उन्हें कहीं भी रहने का ठिकाना मिल सकता है जहां वह अपना सामान व परिवार के साथ रह सके उन्होने ने कहा कि यह कतई भी व्यावहारिक नहीं है। मुख्य सचिव ने उन्हें इस मुद्दे पर विचार करने की बात कही गई है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यवाही: मसूरी जाने वाले दुग्ध व दुग्ध पदार्थो की सैंपलिंग की

हमारे संवाददाता

देहरादून। खाद्य पदार्थों में क्वालिटी चैकिंग हेतू आज खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मसूरी जाने वाले दूध एवं दुग्ध पदार्थों की सैंपलिंग की कार्रवाई गयी है।

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी देहरादून पीसी जोशी द्वारा बताया है कि जिला मजिस्ट्रेट देहरादून के निर्देश पर आज प्रातः चार बजे एफडीए की टीम मसूरी जाने वाले दुग्ध वाहनों की क्वालिटी चेकिंग हेतु मसूरी डायवर्जन पर स्थित बैरियर में पहुंची और वाहनों को रोककर दूध–पनीर के 5 संदिग्ध सैंपल क्वालिटी जांच हेतु लिए गये। जिसे गवर्नमेंट लैब में जांच हेतु भेज दिया गया। उन्होने बताया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बताया कि अधिकारियों को शिकायत प्राप्त हुई थी कि प्राइवेट वाहन में मिलावटी दूध–पनीर मसूरी जा रहा है। जिसकी आपूर्ति सहारनपुर, मुजफ्फरनगर क्षेत्र से प्राइवेट वाहनों में हो रही है। टीम को देखकर एक नैनो कार मसूरी डायवर्जन से वापस देहरादून की ओर मुड़कर भागने लगी लेकिन अधिकारियों ने उसका पीछा कर सहस्त्रधारा रोड पर रोक कर उसकी चेकिंग की गई तो उसमें पनीर रखा हुआ था। जिसका नमूना क्वालिटी जांच हेतु





लैब भेज दिया गया है।

देहरादून में दूध का उत्पादन कम होने के कारण बाहर के राज्यों से दूध पनीर की आपूर्ति होती है और मसूरी में पर्यटक सीजन के कारण दूध की डिमांड बढ़ जाती है और यह भी शिकायतें हैं कि होटल रेस्टोरेंट संचालक भी सस्ते रेट के ही पनीर की डिमांड करते हैं और उसे ग्राहकों को अधिक दाम पर परोसा जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ऐसे होटल–रेस्टोरेंटों की भी निगरानी की जा रही है। विगत सप्ताह में 20 से अधिक व्यापारियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत मुकदमे दर्ज करा दिया गये है टीम में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी पीसी जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह, संजय तिवारी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू रावत आदि उपस्थित थे।

## पानी की मोटर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने मकान की बेसमेंट से पानी की मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार साई लोक निवासी हर्षित गुप्ता ने बसत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आज प्रातः जब वह अपनी बेसमेंट में पहुंचा तो देखा कि वहां पर लगी पानी की मोटर गायब थी। जिसको किसके द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# होलीडे पैकेज के नाम पर ठगे 87 हजार रूपये

संवाददाता

देहरादून। होलीडे पैकेज के नाम पर ठगों ने 87 हजार 500 रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धोरणखास निवासी देवकी नन्दन जोशी ने साईबर थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि फरवरी 2022 के तीसरे सप्ताह के दौरान इंटरनेट पर होलीडे पैकेज की खोज करते हुये मुझे एक ईमेल साइट मिली। मैंने उस पर अपना मोबाइल नम्बर एवं मेल आई डी डाला। एक–दो दिन बाद एक व्यक्ति जिसने अपना नाम आशीष सिंह बताया तथा कहा कि वह टूरविदेस का सीनियर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव बोल रहा है। उसने मोबाइल से फोन किया। वेवसाइट पर भी कॉटेक्ट यूस में यही नम्बर दिया हुआ है। उसने मुझे मेल द्वारा होली पैकेज का विवरण भेजा तथा साथ ही अपनी कम्पनी का रजिस्ट्रेशन सेटिफिकेट भी भेजा। आशीष सिंह ने मुझे होटल वाउचर भी भेजे। होटल से फोन करने पर पता चला कि तीनो होटल मे बुकिंग है। तत्पश्चात उसने एयर टिकट का पैसा उनके एकाउंट मे डालने को कहा उसने मुझे दो एकाउंट डिटेल दिये जिनका विवरण इस प्रकार है। जिसके बाद उसने उसके एकाउंट में 87 हजार 500 रूपये भेज दिये। जिसके बाद उसने आशीष सिंह को कई फोन किये लेकिन उसका फोन नहीं मिला। साईबर थाने के आदेश पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*